# समाचार

# विश्व आदिवासी दिवस 2017

## समापन दिवस के प्रथम सत्र में उपस्थिति प्रदान की महापौर






कोरबा 10 अगस्त 2017 – आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी बाजार कोरबा में आयोजित पांच दिवसीय सेवा महोत्सव के पांचवे दिन आज समापन दिवस के प्रथम सत्र के अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने समाज के लोगों को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समाज के हरसंभव सहयोग के अपने संकल्प को दोहराया।

विश्व की प्रथम आदिवासी पीठ कोरबा के तत्वाधान में विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस 2017 के पावन पर्व पर पांच दिवसीय सेवा महोत्सव का महाआयोजन आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी बाजार कोरबा में 06 अगस्त से 10 अगस्त 2017 तक किया गया। महोत्सव के पांच दिन समापन दिवस के प्रथम सत्र के अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, सर्वप्रथम उन्होने आदिवासी शक्तिपीठ का दर्शनलाभ प्राप्त किया। उन्होने समाज के लोगों को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि विश्व की प्रथम आदिवासी पीठ कोरबा में स्थापित है तथा आदिवासी शक्तिपीठ के माध्यम से विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस के उपलक्ष्य में यहां पांच दिवसीय सेवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से इस आयोजन से समाज के लोगों के बीच एक अच्छा संदेश जाएगा, इस आयोजन के विभिन्न दिवसों में अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुए हैं तथा इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की प्रतिभाएं सामने आयी हैं। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान एवं उनके हरसंभव सहयोग के लिए मैं सदैव तत्पर रहूॅंगी तथा आदिवासी शक्तिपीठ के विकास एवं यहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। इस मौके पर समाज के लोगों ने आदिवासी शक्तिपीठ के लिए विभिन्न मांगों का ज्ञापन महापौर श्रीमती अग्रवाल को सौपा, जिस पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व सभापति संतोष राठौर, समाज प्रमुख मोहनसिंह प्रधान, अध्यक्ष सी.आर.राज, डॉ.जयपाल सिंह, समाज सेविका मंगल बुधिया, रमेश सिरका, रामायण कंवर,

निर्मलराज, जवाहर मारको, शिवनारायण सिंह कंवर, सुमन नेताम आदि के साथ काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।